सांध्य दैनिक
# 4PM
जिद...सच की
www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK
● वर्षः 8 ● अंकः 329 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, सोमवार, 9 जनवरी, 2023
मूल्य ₹ 3/-



दुनिया में किसी भी व्यक्ति को भ्रम में नहीं रहना चाहिए। बिना गुरु के कोई भी दूसरे किनारे तक नहीं जा सकता है।
-गुरु नानक देव



मास्टरमाइंड के कोचिंग संस्थान... 8 | भाजपा पर भारी पड़ेगा बिहारी... 3 | ठंड और कोहरे से उत्तर भारत में... 7

## कड़ाके की ठंड में चढ़ा राजधानी का राजनीतिक पारा

# दिल्ली में मेयर सीट और यूपी में डिजिटल वार पर सियासी तकरार

» एमसीडी चुनाव की लड़ाई अब सड़क पर उतर आई
» आप ने बताया संविधान की हत्या, भाजपा ने कहा-आप की गुंड़ागर्दी
» लखनऊ में सपा ट्विटर हैंडल संचालक की गिरफ्तारी पर गरमाया है मामला


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। हाड़ कंपाती कड़ाके की ठंड में राष्ट्रीय राजधानी से लेकर राज्य की राजधानी तक राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। दिल्ली में मेयर सीट पर भाजपा और आप में तकरार का दौर जारी है। दोनों दलों के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर एक-दूसरे के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां भाजपा का हल्लाबोल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर चल रहा है, वहीं आप ने भाजपा दफ्तर को घेरा है। उधर, यूपी में डिजिटल वार पर सपा और भाजपा के बीच जंग छिड़ी हुई है। सपा ने ट्विटर पर भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को उजागर किया तो भगवा ब्रिगेड ने सीधे अखिलेश यादव के परिवार पर अनर्गल टिप्पणी कर निशाना साधा। हालांकि अखिलेश यादव की सपा का डिजिटल वार इस बार योगी सरकार और भाजपा पर भारी पड़ रहा है और भाजपा बैकफुट पर है।

दरअसल, एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी दिल्ली में इसबार सबसे बड़ा दल बनीं है और उसके 134 पार्षद जीते हैं। जबकि भाजपा 104 पर सिमटी है। मेयर और डिप्टी मेयर की सीट पर दोनों दलों ने प्रत्याशी उतारे तो मुकाबला कड़ा हो गया और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 10 पार्षदों को मनोनीत कर मुकाबले को और रोचक बना दिया। सदन में शपथ ग्रहण की बारी आई तो प्रोटेम स्पीकर की जगह एलजी ने पीठासीन अधिकारी को नियुक्ति कर दिया, जिससे एमसीडी की सियासत पूरी तरह गरमा गई। आप ने सदन में हंगामा कर नियुक्ति को गैरकानूनी करार दिया तो बिना चुनाव के सदन को स्थागित करना पड़ा। अब दोनों दल एक-दूसरे पर दबाव बनाने के लिए राजधानी की सड़कों पर जमे हुए हैं। आप एलजी की मेयर चुनाव में दखल को संविधान की हत्या बता रही है। जबकि भाजपा ने आप पर गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है।

**आप के 134 और भाजपा के हैं 104 पार्षद**





**“ अखिलेश का योगी सरकार व भाजपा का परिवार पर हमला**

## सपा ने चाल-चरित्र-चेहरे पर भाजपा को किया चित

ट्विटर वार में सपाईयों ने यादव परिवार पर भाजपा नेत्री की अनर्गल टिप्पणी के बाद रविवार को कड़ा रूख अपनाया तो भाजपा पूरी तहर रक्षात्मक मोड में आ गई। सपा के डिजिटल वार ने भाजपा के चाल-चरित्र और चेहरे की पोल खोल दी जिससे वह चारों खाने चित हो गई। सपा ने भाजपा नेत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिसके बाद से भाजपा सकते में है और पार्टी के बड़े नेताओं ने इस पर चुप्पी साध ली है। सांसद डिंपल यादव और उनकी बेटी पर ट्विटर पर अनर्गल टिप्पणी करना भाजपा को भारी पड़ गया। जिसके डैमेज कंट्रोल में भगवा खेमा जुटा है।



# अब इंडिगो की फ्लाइट में नशेड़ियों ने कैप्टन को पीटा एयर होस्टेस से की अभद्रता

## रोहित-नितिन गिरफ्तार, पिंटू कुमार अभी फरार
## खुद को बता रहे राजनीतिक दल के नेता का खास

» दिल्ली से पटना आ रही थी फ्लाइट, शंकर मिश्रा के बाद आया नया मामला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। फ्लाइट में यात्रियों के तांडव की कड़ी में इस बार नई खबर पटना से सामने आई है। पहले बुजुर्ग महिला पर पेशाब करने का मामला प्रकाश में आया था जिसका आरोप शंकर मिश्रा गिरफ्तार किया गया। अब इंडिगो की फ्लाइट में दिल्ली से पटना आ रहे तीन युवकों ने जमकर बवाल काटा।

पहले यात्रियों से उलझे। बीच बचाव के लिए एयरहोस्टेस गईं तो उनसे भी बदसलूकी की। मामला संभलता नहीं देख कैप्टन ने दखल दी तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6383 में यह घटना हुई। रोहित कुमार, नितिन कुमार और पिंटू कुमार यह गुंडई करते समय खुद को एक राजनीतिक दल के नेता का खास आदमी बता रहे थे। खुद को नेता से जुड़ा बता रहे रोहित कुमार और नितिन कुमार को पटना एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने पकड़ कर एयरपोर्ट थाने के हवाले कर दिया, जबकि पिंटू कुमार अफरातफरी की स्थिति बनाकर फरार हो गया है। एयरपोर्ट के सीआईएसएफ कमांडेंट एके झा ने बताया कि रविवार की रात फ्लाइट में हंगामा करने वाले यात्रियों की जानकारी जबतक आई, तब तक यात्री निकलने लगे थे। विमानन कंपनी की ओर से ग्राउंड स्टाफ को मार्क कर बताया गया होता कि यह तीन यात्री हैं तो पिंटू कुमार नहीं भाग पाता। हम हर यात्री को रोक नहीं सकते थे, इससे अफरातफरी हो सकती थी। विमानन कंपनियों ने जिन्हें मार्क कराया, उन दो को हिरासत में लेकर बिहार पुलिस को सौंप दिया गया।

### बिहार में पीकर आना भी अपराध

बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बाद से दूसरे राज्यों के एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर बिहार जा रहे यात्रियों को इस बात के लिए सावधान किया जाता है कि नशे में बिहार जाने पर जेल हो सकती है। विमान में यात्रा कर रहे तीनों यात्री बिहारी हैं और खुद को राजनेता का करीबी बताने का मतलब है कि वह बिहार के नियमों से पूरी तरह वाकिफ होंगे। इसके बावजूद तीनों शराब पीकर न केवल पटना की फ्लाइट पर आए, बल्कि खुद को राजनेता का करीबी बताते हुए नशे में छेड़खानी, बदसलूकी और मारपीट करने लगे।




# फूट डालो राज करो की नीति पर चल रहे पीएम मोदी : खरगे

## » कहा-लोकतंत्र में किसी को भगवान बनाना निरंकुशता है

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चित्रदुर्ग। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र में यदि एक व्यक्ति को भगवान बना दिया जाए तो लोकतंत्र नहीं रह जाता, बल्कि वह निरंकुशता में बदल जाता है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) और अन्य कमजोर वर्गों से संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

भाजपा ने तेलंगाना की सभी 119 विधानसभा सीटों पर विस्तारकों को उतारा है। खरगे ने खुद को कर्नाटक की मिट्टी का लाल (सपूत) बताते हुए लोगों से कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस को वोट देने का आग्रह किया। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कर्नाटक कांग्रेस द्वारा आयोजित एससी/एसटी समुदायों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, लोकतंत्र में अगर आप एक व्यक्ति को भगवान बना देते हैं, तो यह लोकतंत्र नहीं रहता, यह निरंकुशता में बदल जाता है, यह तानाशाही की ओर ले जाएगा। इसके बारे में सोचें। आपको अपने अधिकारों को जानना होगा और आपको इसे पाने के लिए लड़ना चाहिए। खरगे ने आगे कहा कि जिस फूट डालो और राज करो की नीति का अंग्रेजों ने इस्तेमाल किया, उसी नीति का इस्तेमाल अब मोदी कर रहे हैं।



## भाजपा गंगा नदी की तरह है, इसमें डुबकी लगा कर पापों से पाएं छुटकारा : माणिक साहा

**अगरतला।** आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा त्रिपुरा में एकला चलो की नीति पर चलती हुई नजर आ रही है। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने वाम नेताओं से भाजपा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी गंगा नदी की तरह है और इसमें डुबकी लगाने से नेताओं को सभी पापों से छुटकारा मिल जाएगा। दक्षिण त्रिपुरा के काकराबान में जन विश्वास रैली के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम साहा ने कहा कि भाजपा इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों से अपील करता हूं, जो अभी भी स्टालिन और लेनिन की विचारधारा में विश्वास करते हैं, वे भाजपा में शामिल हों क्योंकि यह गंगा नदी की तरह है। यदि आप गंगा में पवित्र स्नान करते हैं तो आपके सभी पाप नष्ट हो जाएंगे। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा कि ट्रेन के डिब्बे अभी भी खाली हैं।

### राउत ने ईसी से न्याय की उम्मीद जताई, कहा-

# असली है उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



मुंबई। चुनाव आयोग 12 जनवरी को शिवसेना गुटों की याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। इसको लेकर राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि केवल एक शिवसेना है जिसका नेतृत्व उद्धव ठाकरे कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चुनाव आयोग न्याय करेगा जो दोनों गुटों की दलीलें सुन रहा है। दोनों ही गुटों की मांग है कि उन्हें असली शिवसेना घोषित कर दिया जाए।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें चुनाव आयोग पर भरोसा है। जून में शिवसेना के टुकड़े हो गए थे, जिसके बाद शिवसेना का एक गुट उद्धव ठाकरे के साथ है तो वहीं दूसरा गुट एकनाथ शिंदे के साथ खड़ा है। इन दोनों गुटों के बीच कानूनी जंग छिड़ी हुई है कि किसे असली शिवसेना गुट कहा जाए। हम चुनाव आयोग पर भरोसा करते हैं। मीडिया से बात करते हुए संजय राउत ने कहा,कि शिवसेना सिर्फ एक है जिसकी स्थापना बालासाहेब ठाकरे ने की है और एक जिसका नेतृत्व उद्धव ठाकरे कर रहे हैं, पूरी शिवसेना उनके साथ है। हम चुनाव आयोग पर भरोसा करते हैं जो एक स्वायत्त और स्वतंत्र निकाय है। हमारे पास टीएन शेषन का एक उदाहरण है। अब तक, इन संस्थानों में स्वतंत्रता और स्वायत्तता नहीं देखी गई है।

# तिरंगे को भगवा झंडे से बदल देगी भाजपा : महबूबा मुफ्ती

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया गया है तब से पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती भाजपा और केंद्र सरकार पर हमलावर हैं, कभी वह धमकी देती हैं कि लोग बंदूकें उठा सकते हैं, तो कभी वह सरकार द्वारा जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिश का डर दिखाती हैं, इस बार उन्होंने देश का झंडा भगवा करने की आशंका जताई है, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती द्वारा तिरंगे पर दिए बयान पर हंगामा मचा हुआ है।

भाजपा ने तिरंगे पर टिप्पणी को लेकर महबूबा की आलोचना की है। बता दें कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि बीजेपी सरकार ने जम्मू-कश्मीर का झंडा छीन लिया, संविधान छीन लिया, अनुच्छेद 370 हटाकर विशेष दर्जा हटा दिया और अब जल्द ही देश



का संविधान बदलने जा रही है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश के राष्ट्रीय ध्वज को बदलकर भगवा कर देगी। भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई ने राष्ट्र ध्वज पर टिप्पणी को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर निशाना साधा और कहा कि तिरंगा देश का गर्व है और जो भी उस पर बुरी नजर डालेगा, उससे कड़ाई से निपटा जाएगा।

# मायूस हैं नौजवान : वरुण गांधी

## » अग्निवीर योजना पर कसा तंज, बोले-सेना को ठेके पर नहीं चला सकते

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने एक बार केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ सरकारी नौकरियां खाली पड़ी हैं, नौजवान आशाहीन हो गया है, वहीं, अग्निवीर योजना को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि हम सेना को ठेके पर नहीं चला सकते, इससे देश सुरक्षित नहीं रहेगा।

इससे पहले पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी कई मुद्दों पर अपनी सरकार को कटघरे में खड़ा कर चुके हैं। इस बार वरुण गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर अपनी सरकार पर सवाल खड़े किए हैं, देश में महंगाई के बाद सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है, इसपर वरुण गांधी ने अपनी ही सरकार



को घेर लिया है, बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर विपक्ष तो सरकार पर हमलावर है ही, अब बीजेपी सांसद में भी अपनी ही सरकार से बेरोजगारी को लेकर सवाल पूछा है।

बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने केंद्र में विभन्न विभागों समेत सेना, पुलिस, स्वास्थ्य आदि विभागों में खाली पड़े पदों की संख्याओं को लेकर सवाल किया है। उन्होंने कहा कि जब बेरोजगारी 3 दशकों के सर्वोच्च स्तर पर है तब यह आंकड़े चौंकाने वाले हैं, जहां भर्तियां न आने से करोड़ों युवा हताश व निराश है, वहीं 'सरकारी आंकड़ों' की ही मानें तो देश में 60 लाख 'स्वीकृत पद' खाली हैं, कहां गया वो बजट जो इन पदों के लिए आवंटित था? यह जानना हर नौजवान का हक है।

## वास्तविक मुद्दों से भटक रही है सरकार

**मुंबई।** शरद पवार ने बीजेपी की केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर तैयार होने की तारीख संबंधी गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर दावा किया कि वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बयानबाजी की जा रही है। पवार ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। लोग डरे और सहमे हैं। व्यापारी, छोटे व्यवसाइयों पर आर्थिक दबा है। माहराष्ट्र में आने वाले उद्योग धंधे यहा की सरकार की नीतियों की वजह से अन्य राज्यो में जा रहे हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा में आर्मी ऑफिसर भी हुए शामिल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में 130 किमी का सफर तय कर चुकी है, रविवार के दिन इस यात्रा में पूर्व आर्मी चीफ जनरल दीपक कपूर शामिल हुए, राहुल की ये यात्रा करनाल से शुरू हुई, जवाब में बीजेपी आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय ने सवाल उठाना शुरू कर दिए। उन्होंने कहा है कि महाराष्ट्र के आदर्श घोटाले में पूर्व सेना प्रमुख को आरोपी बनाया गया था, वे राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल हुए हैं आपको बता दें ये घोटाला 2011 में सामने आया था।




अमित मालवीय जो बीजेपी के आईटी सेल के मुखिया हैं, उन्होंने कहा है कि जनरल दीपक कपूर को आदर्श घोटाले में आरोपी बनाया गया था, लेकिन वे भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ नजर आ रहे हैं, कड़ाके की ठंड में कोहरे और सर्दी के बीच ये यात्रा रविवार के सुबह करनाल के नीलोखेड़ी क्षेत्र में दोद्धा से शुरू हुई थी, यहां ये से इस यात्रा ने कुरुक्षेत्र जिले में प्रवेश किया।

## पिछली सरकारों मे विकास कार्य रुका था - योगी

बामुलाहिजा
कार्टून: हसन जैदी





# भाजपा पर भारी पड़ेगा बिहारी दांव!

## नीतीश सरकार ने जातिगत जनगणना करवाने की कर दी शुरूआत

» एतिहासिक काम की शुरुआत, विकास में मिलेगा आम जन को बड़ा लाभ

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। बिहार में जातिगत जनगणना का पहला दौर 7 जनवरी से शुरू हो गया। नीतीश सरकार के इस फैसले का जहां लोगों ने स्वागत किया है वहीं भाजपा ने इसका विरोध किया है। नीतीश के इस फैसले के सियासी मायने भी हैं। उनका यह फैसला भाजपा शासित राज्यों पर भी नैतिक दबाव डाल सकता है, तभी बिहार भाजपा के नेता खुलकर इसकी मुखालफत नहीं कर रहे वे बस इतना कह रहे हैं कि प्रवासी बिहारियों को भी इसमें शामिल कर लिया जाए।

गौरतलब हो कि इस सर्वे में पहले चरण में आवासीय मकानों पर नंबर डाले जाएंगे, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी समाधान यात्रा के दौरान शिवहर में कहा कि इस जनगणना के दौरान केवल जातियों की गणना नहीं, बल्कि राज्य के हर परिवार के बारे में पूरी जानकारी मिलेगी। उससे देश के विकास और समाज के उत्थान में बहुत फायदा होगा। अपनी इसी यात्रा के तहत बिहार के सीएम ने शिवहर में लोगों से मुलाकात की, इस दौरान उन्होंने जातिगत जनगणना के फायदे भी बताए।

नीतीश कुमार ने कहा कि समाधान यात्रा का उद्देश्य लोगों की शिकायतों को समझना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है, सीएम ने कहा कि हम लोगों की शिकायतों को समझने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं, जिससे हमें उनकी समस्याओं को हल करने में मदद मिलेगी, हम किए गए कार्यों और किए जाने वाले कार्यों का जायजा ले रहे हैं, हम सभी के साथ बैठक करेंगे, अधिकारी और एक महीने के बाद उनसे विस्तृत रिपोर्ट लेंगे।

5 जनवरी को पश्चिम चंपारण के बेतिया से शुरू हुई ये यात्रा राज्य के विभिन्न जिलों को कवर करते हुए समाप्त होगी, यात्रा का विस्तृत कार्यक्रम बिहार के कैबिनेट सचिवालय विभाग द्वारा प्रकाशित किया गया है। वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि बहुत ही ऐतिहासिक काम की शुरुआत हुई है।





"जनगणना के दौरान केवल जातियों की गणना नहीं, बल्कि राज्य के हर परिवार के बारे में पूरी जानकारी मिलेगी। उससे देश के विकास और समाज के उत्थान में बहुत फायदा होगा।"

### भाजपा गरीब विरोधी, नहीं चाहते आंकड़े हों उजागर : तेजस्वी



पटना बिहार में जातीय सर्वे की शुरुआत होने पर राज्य के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि बहुत ही ऐतिहासिक काम की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि इसका निर्णय बहुत पहले हो गया था, हम लोगों की यह मांग पहले से ही रही है, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे पार्लियामेंट में भी टाल दिया, उन्होंने आगे कहा कि लालू जी के रहते हुए मनमोहन सरकार ने यह करवाया भी था, उसमें सारी चीजें थीं लेकिन बाद में भाजपा के लोगों ने डेटा को करप्ट बता दिया। इसके बाद हमने विधानसभा में भी प्रस्ताव रखा था, प्रधानमंत्री से भी मिलकर आए थे, भारत सरकार से इसे पूरे देश में करने की मांग की थी भाजपा गरीब और दलित विरोधी है, ये लोग नहीं चाहते कि जातीय जनगणना हो, इसलिए इन्होंने हरसंभव कोशिश की ताकि सही आंकड़ा सामने ने आए, इसलिए इन्होंने डेटा को करप्ट बता दिया. लेकिन आज इसकी शुरुआत हो रही है, जिसे कास्ट बेस्ड सर्वे का नाम दिया गया, जिससे हमारे पास साइंटिफिक डेटा होगा, उसी हिसाब से जरूरी और कल्याणकारी योजनाएं बनेगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि इसे ये मालूम होगा कि किसे आगे लेकर चलना है, कौन भूमिहीन है, कौन नाला साफ करता है, कौन कचरा ढोहता है और कौन भीख मांगता है, ये सभी आकंड़े हमारे पास होंगे, इसी को लेकर बीजेपी डरी हुई है, क्योंकि वो नहीं चाहती कि ये आंकड़ उजागर हो, इसी के साथ उन्होंने कहा कि बिहार सीएम ने अपनी यात्रा का मकसद भी बता दिया है, लेकिन हम तमाम विपक्षी दल एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहते हैं जिसको लेकर जिसे जो टिप्पणी करनी है करे, वो स्वतंत्र है, किसी पर कोई पाबंदी तो है नहीं।

---

## उद्धव ने सामना के संपादकीय में लगाई महाराष्ट्र सरकार को लताड़


# मुंबई को लूट रहे यूपी के शासक

## फिक्सिंग करके केवल गुजरात को आगे बढ़ाने की योजना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के मुखपत्र सामना में संपादकीय लिखकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना में अलग गुट के नेता एकनाथ शिंदे पर जोरदार हमला किया गया है, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी सामना के निशाने पर हैं, खास बात यह है कि शिंदे और फडणवीस पर हमला करने के लिए सामना ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंबई दौरे का जिक्र किया है। सामना ने अपने संपादकीय में लिखा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का सपना लेकर मुंबई में आए।

मुंबई निवासी बड़े उद्योगपतियों को उत्तर प्रदेश आने का निमंत्रण दिया, योगी ने मुंबई में मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिरला जैसे बड़े उद्यमियों से मुलाकात की, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुंबई आकर उद्यमियों से चर्चा कर रहे थे, यहां के निवेशकों को लखनऊ आने का निमंत्रण दे रहे थे, तब हमारे मुख्यमंत्री नासिक के खरपतवार-कचरा जुटाकर ठाकरे की शिवसेना तोड़ने का ताव दिखा रहे थे और उस कूड़ा-करकट के सामने दंड बैठक कर भाषण दे रहे थे, उत्तर प्रदेश-बिहार के शासक मुंबई आकर निवेश की लूट कर रहे हैं और मुख्यमंत्री शिवसेना तोड़ने के काम में रमे हुए हैं, इंसान को उसकी औकात से ऊपर का पद मिल जाए, तो ऐसा ही होता है। इसके बाद सामना ने लिखा,योगी मुंबई से उत्तर प्रदेश में निवेश ले जा रहे हैं और शिंदे, फडणवीस व उनका कुनबा अगले महीने निवेश लाने जर्मनी के दावोस में बर्फ खेलने, बर्फ उड़ाने जानेवाले हैं, योगी ने यहां के उद्योगपतियों से कहा, 'उत्तर प्रदेश में आप और आपका निवेश सुरक्षित रहेगा, इसकी गारंटी देता हूं, महाराष्ट्र सरकार को इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए। महाराष्ट्र से पिछले पांच महीने में वेदांता-फॉक्सकॉन, ड्रग पार्क, एयर बस जैसी परियोजनाएं बाहर चली गईं। वर्तमान सरकार पर भरोसा न होने के कारण यह हुआ, योगी उत्तर प्रदेश में फिल्मसिटी परियोजना पर जोर दे रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के सामने रखे गए पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की पूर्ति के लिए देश के प्रमुख राज्यों में प्रतियोगिता चल रही है, लेकिन 'मैच फिक्सिंग करके केवल गुजरात को आगे बढ़ाने की नीति स्पष्ट दिखाई दे रही है और यह देश के लिए घातक है। सामना ने लिखा, महाराष्ट्र की राजधानी में आकर योगी महाराज तकरीबन 5 लाख करोड़ का निवेश अपने उत्तर प्रदेश में ले गए, ऐसी घोषणा उन्होंने ही की है, यह निवेश महाराष्ट्र में ही रहे, यहां उद्योग फले-फूले, इसके लिए शिंदे-फडणवीस क्या कर रहे थे? महाराष्ट्र की बड़ी उद्योग परियोजनाएं गुजरात जाने के बीच अब शिंदे सरकार की कार्यालयीन लेट-लतीफी के कारण केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना से महाराष्ट्र के लिए स्वीकृत किए गए लगभग 1 लाख 16 हजार 955 घर भी दूसरे राज्य में जाने की संभावनाओं की खबरें हैं, मुंबई को लूटकर महाराष्ट्र को कंगाल किया जा रहा है और हमारे शासनकर्ता क्षुद्र राजनीति में लोट रहे हैं। इस पर हूं या चूं करने को भी तैयार नहीं हैं।



### आधुनिकता अपनाएं योगी : हुसैन दलवई



मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व कांग्रेस सांसद हुसैन दलवई ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर विवादास्पद बयान दिया है, उन्होंने योगी आदित्यनाथ के भगवा कपड़ों को लेकर टिप्पणी की है, दलवई ने कहा कि योगी को भगवा कपड़ों की जगह मॉर्डन कपड़े पहनने चाहिए, हुसैन दलवई ने सलाह देते हुए कहा कि हर दिन धर्म की बात मत करो, भगवा वस्त्र मत पहनो और थोड़ा आधुनिक बनो, आधुनिक विचारों को अपनाओ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 4 जनवरी से मुंबई दौरे पर हैं, गुरुवार को वह मुंबई में प्री-यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम में शामिल हुए, सीएम योगी बड़े उद्योगपतियों और फिल्म जगत की हस्तियों से उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर बात करने वाले हैं। हुसैन दलवई ने आगे कहा कि योगी आदित्यनाथ को महाराष्ट्र से उद्योग लेने के बजाय अपने राज्य में नए उद्योग विकसित करने चाहिए, महाराष्ट्र ने उद्योग के लिए अच्छी सुविधाएं दी हैं, इसलिए महाराष्ट्र से उद्योग लेने के बजाय, आपको राज्य में नए उद्योग विकसित करने चाहिए, उन्हें फलने-फूलने देने के लिए एक वातावरण बनाया जाना चाहिए। दलवई ने कहा कि योगी को कुछ आधुनिकता अपनानी चाहिए, क्योंकि उद्योग आधुनिकता का प्रतीक है।


Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# राजनीति में फिर 'राम' की आमद

> अब जैसे ही इस साल चुनावी शंखनाद की सरगर्मी तेज हो रही है, वैसे ही राम मंदिर के नाम का जाप केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी ने करना भी प्रारंभ कर दिया है। देश के संवैधानिक पद पर आसीन और बिना किसी भेदभाव के कार्य करने की शपथ लेने वाले गृह मंत्री ने राम मंदिर के जिन्न को बोतल से बाहर निकालने की पहल की, तो उस पर सियासी पलटवार की भी शुरुआत हो गई।

*लंबा चला अयोध्या में बाबरी मस्जिद-राम मंदिर की जमीन का विवाद कई साल पहले अदालती फरमान के बाद समाप्त हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में विवादित भूमि को राम मंदिर ट्रस्ट को दे दिया और मस्जिद के लिए अलग जगह पर पांच एकड़ जमीन का टुकड़ा दूसरे पक्षकार को दे दिया गया। सर्वोच्च अदालत के इस निर्णय के बाद यह मसला ठंडा पड़ गया और न्याय के मंदिर के आदेश को सभी ने स्वीकार भी कर लिया। जिसके बाद राम की नगरी कहलाने वाली अयोध्या में मंदिर निर्माण कार्य की शुरूआत हो गई थी और बिना किसी अड़चने के काम प्रगति पर है। मगर देश में इस पर राजनीति अब भी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जिस राजनीतिक दल को यह मुद्दा रास आता है वो इसको चुनाव में भुनाने से चूकना नहीं चाहता है। अब जैसे ही इस साल चुनावी शंखनाद की सरगर्मियां तेज हो रही है, वैसे ही राम मंदिर के नाम का जाप केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी ने करना भी प्रारंभ कर दिया है। देश के संवैधानिक पद पर आसीन और बिना किसी भेदभाव के कार्य करने की शपथ लेने वाले गृह मंत्री ने राम मंदिर के जिन्न को बोतल से बाहर निकालने की पहल की, तो उस पर सियासी पलटवार की भी शुरूआत हो गई है।*

*दरअसल, देश के नौ राज्यों में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं और उनके तुरंत बाद ही 2024 का आम चुनाव है। राजनीतिक दल चुनाव के दृष्टिगत ही अपनी-अपनी तैयारियों को अमली जामा पहनाने में नए साल के आगाज के साथ ही जुट गए हैं। भारत जोड़ो की मुहिम से कांग्रेस भाईचारे का संदेश कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा कर दे रही है। राहुल गांधी देश भर में 3570 किमी की पैदल यात्रा पर हैं। केंद्र की सत्ता पर आसीन भाजपा इस यात्रा से बेचैन है और राहुल के इस संदेश को जनता के बीच फैलने से रोकने के लिए हर तरह के हथकंडे इस्तेमाल कर रही है, मगर यात्रा को मिल रहा भारी जनसमर्थन कांग्रेस और राहुल गांधी के हौसले को बढ़ा रहा है। ऐसे में यात्रा पर ब्रेक नहीं लगता देख भाजपा ने फिर से राम नाम के मंदिर की एंट्री राजनीति में कर दी है। गृह मंत्री अमित शाह का त्रिपुरा की रैली में मंदिर उद्घाटन की तारीख का अचानक ऐलान करना उनके दल की बेचैनी को दर्शा भी रहा है। क्योंकि इस यात्रा के दौरान ही कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश का चुनाव जीतकर सरकार बनाई है। गृह मंत्री के इस बयान के पीछे भाजपा की मंशा नौ राज्यों के चुनाव में मंदिर का क्रेडिट लेकर उसके नाम पर जीत दर्ज कर विपक्ष के मनोबल को मिशन-2024 से पहले ही तोड़ने की है। मगर कांग्रेस और लालू यादव की पार्टी राजद ने शाह के बयान पर पलटवार कर भाजपा को घेरने के संकेत भी दे दिए हैं। हालांकि अभी चुनाव में समय है और सियासी ऊंट किसी भी करवट बैठ सकता है, मगर गृह मंत्री शाह के तारीख वाले बयान ने भाजपा की आगामी चुनावी रणनीति को रेखांकित कर दिया है। यह तय है कि इस साल और अगले साल भाजपा का चुनावी नारा राम मंदिर ही होगा।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# राहुल की यात्रा पर संघ का रवैया

विनीत नारायण

जिस दिन से राहुल गांधी ने, कन्याकुमारी से, 'भारत जोड़ो पद यात्रा' शुरू की है उस दिन से भाजपा के प्रवक्ता, उसकी आईटी सेल और उसके नेता राहुल गांधी का मजाक उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे, और इनका साथ दे रहा है इनका 'गोदी मीडिया'। बावजूद इसके राहुल कि यात्रा हर दिन सफलता के नये सोपान तय कर रही है। भाजपा का आंकलन था कि केरल के बाहर निकलते ही ये यात्रा फुस्स हो जाएगी। पर उनकी आशा के विपरीत दक्षिण भारत के राज्यों में राहुल गांधी को जनता का जो भारी प्यार और समर्थन मिला है उसने भाजपा नेतृत्व को कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है।

पिछले आठ साल से राहुल गांधी को 'पप्पू' बताने वाली भाजपा हिंदी प्रदेशों में राहुल की यात्रा को मिल रहे भारी समर्थन से विचलित हो गई है। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है, कि इस यात्रा की सफलता इस बात की गारंटी नहीं देती कि इस लोकप्रियता को राहुल गांधी वोटों में बदल पाएंगे। अगर वे ऐसा कर पाए तो निश्चित रूप से ये उनकी ऐतिहासिक विजय होगी। अगर नहीं भी कर पाए तो भी लोगों के बीच लगातार पैदल चल कर और हर वर्ग के लोगों से आत्मीयता से मिल कर, राहुल गांधी ने वो हासिल कर लिया है जिसे आजतक देश के गिने-चुने नेता ही हासिल कर पाए थे। उस दृष्टि से राहुल का कद बहुत बढ़ गया है। भाजपा की चिंता का एक बड़ा कारण यह भी है कि जो जनता राहुल को सर आंखों पर बिठा रही है वो वही जनता है जिसने 2014 व 2019 में नरेंद्र मोदी को सर आंखों पर बिठाया था। पर गत आठ वर्षों में देश में फैली भारी बेरोजगारी, सुरसा सी बढ़ती महंगाई और माध्यम वर्गीय व्यापारियों व कारखानेदारों की तबाही ने उसी जनता को निराश और हताश कर दिया है। अब उसे भाजपा शासन में राहत मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही। जनता की इसी नब्ज को पहचान कर मौके देख कर पाला पलटने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व ने अब अचानक राहुल गांधी की यात्रा की प्रशंसा करना शुरू कर दिया है।

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत आचार्य सत्येंद्र दास ने राहुल गांधी को उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' के लिए पत्र लिखकर शुभकामनाएँ भेजी हैं। इस पत्र से राजनीतिक गलियारों में एक नई चर्चा



शुरू हो गई है। हालांकि ऐसा करने वाले वे अकेले नहीं हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ सदस्य चंपत राय ने भी शुभकामनाएं दी हैं। सवाल ये उठ रहा है कि ऐसी शुभकामनाओं के पीछे क्या संदेश छुपा हो सकता है? महंत आचार्य सत्येंद्र दास ने अपने पत्र में कहा, आपकी भारत जोड़ो यात्रा मंगलमय हो। आपका जो देश जोड़ने का ख्वाब है, वो पूर्ण हो, जिस लक्ष्य को लेकर आप चल रहे हैं, उसमें आपको सफलता मिले। इसी मंगलकामना के साथ शुभ आशीर्वाद। प्रभु रामलला का आशीर्वाद आप पर बना रहे। उधर चंपत राय ने तो राहुल गांधी की इस यात्रा को प्रशंसनीय तक कह डाला। इतना ही नहीं उन्होंने सभी को यात्रा कर भारत का अध्ययन करने को कहा। उल्लेखनीय है कि जब 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या की गई थी तो संघ के बड़े नेता नानाजी देशमुख ने कांग्रेस के प्रति सहानुभूति जताई थी। यह तक की 1984 के लोक सभा चुनाव में राजीव गांधी को मिली आशातित सफलता के पीछे संघ के स्वयंसेवकों की बड़ी भूमिका रही थी। इसी तरह जब विश्वनाथ प्रताप सिंह बोफोर्स मामले को लेकर हल्ला मचा रहे थे तब भी संघ ने उनका समर्थन किया था। अन्ना हजारे के आंदोलन में भी संघ समर्थन में था। सवाल है कि ऐसे में इन बयानों से क्या संघ केंद्र की भाजपा सरकार को आईना दिखा रहा है? बढ़ती हुई महंगाई और बेरोजगारी को लेकर संघ और भाजपा की बीच जो वैचारिक दूरी आई है वह भी किसी से नहीं छुपी है।

इसलिए ऐसे बयानों को मात्र व्यंग की दृष्टि से देखा जाना ठीक नहीं होगा और इसीलिए इन संदेशों को मात्र शुभकामना संदेश भी नहीं समझा जाना चाहिए। गौर इस बात पर भी किया जा सकता है कि भाजपा नेता राहुल की यात्रा को 'भारत तोड़ो यात्रा' बता रहे हैं। वहीं चंपत राय के बयान को लें तो उन्होंने इस बात को स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने यात्रा की आलोचना नहीं की है। लेकिन भाजपा नेता लगातार राहुल की यात्रा को विफल बता रहे हैं। अगला सवाल ये है कि भाजपा नेता संघ से अलग बातें क्यों कर रहे हैं? इसका तर्क यह दिया जा सकता है कि केंद्र में भाजपा सरकार चला रही है और सरकार का पक्ष लेना भाजपा नेताओं की मजबूरी है। यदि राहुल गांधी या किसी भी दल का कोई भी नेता भारत को 'जोड़ने' के लक्ष्य से कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा करता है, तो इसके विरोध में केवल वही दल आएगा जो कि भारत को 'जोड़ने' के खिलाफ हो। ल मिलाकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने भाजपा के सामने कई सवाल खड़े कर दिये हैं। शायद इसीलिए संघ एक बीच का रास्ता अपनाने पर मजबूर हुआ है।

# खेल के ढलान पर किस्मत का जैकपॉट



अरुण नैथानी

कथा-कहानियों में ऐसे किस्से तमाम मिलते हैं जब किसी रोचक कहानी का सार होता है कि यदि वक्त बलवान हो तो शौहरत और दौलत कदम चूमती है। इस कहानी को एक बार फिर चरितार्थ किया पुर्तगाल के फुबॉल सितारे क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने। उन्हें सऊदी अरब के एक फुटबॉल क्लब ने करीब हर साल 1800 करोड़ की फीस के साथ तीन साल के लिये अनुबंधित किया है। इस डील को फुटबॉल इतिहास की सबसे बड़ी डील बताया जा रहा है। ये वही रोनाल्डो हैं जो पिछले दिनों फुटबॉल विश्व कप में एक अनजानी-सी फुटबॉल टीम मोरक्को से हारकर स्टेडियम से रोते हुए निकलते दिखे। हाल-फिलहाल तक रोनाल्डो का सिक्का फुटबॉल की दुनिया में चलता रहा है। उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग आज भी मौजूद है। मगर वे हालिया फीफा विश्वकप में उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाये। यही वजह है कि उनके क्लब ने ही उन्हें नमस्ते नहीं कहा, बल्कि पुर्तगाल की टीम में भी कई बार उन्हें विश्वकप के नाकआउट मुकाबलों के दौरान मैदान से बाहर बैठाया गया। उनकी जगह नए खिलाड़ियों को जगह मिली और उन्होंने टीम के लिये नया इतिहास भी रचा।

पूरी दुनिया में इस बड़ी फुटबॉल डील की वजह से हलचल मची हुई है। इस अनुबंध को अब तक दुनिया का सबसे बड़ी राशि वाला बताया जा रहा है। हर तरफ यही सवाल है कि आखिर सऊदी अरब को क्या लगा जो उसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर इतनी दौलत न्यौछावर कर दी। ज्यादा दिन नहीं हुए जब रोनाल्डो की कप्तानी में पुर्तगाल की टीम मोरक्को जैसी टीम से हारकर विश्वकप से बाहर हो गई थी। तब लोगों ने रोनाल्डो के आंसू भी देखे थे और मोरक्को की जीत पर अरब दुनिया का जश्न भी। वैसे विश्व कप में रोनाल्डो का प्रदर्शन कोई खास नहीं रहा। यहां तक कि आखिरी के दो मैचों की शुरुआत में उन्हें मैदान से बाहर तक बैठाया गया। हालांकि, मैदान में रोनाल्डो-रोनाल्डो के उद्घोष जरूर गूंजते रहे। यहां तक कि क्रिस्टियानो जिस यूरोपीय फुटबॉल क्लब मैंचेस्टर यूनाइटेड क्लब के लिये खेलते थे, उसने भी रोनाल्डो को भाव देने कम कर दिये थे। वजह यह भी थी कि वे सोलह मैचों में सिर्फ तीन ही गोल कर पाये थे। बहरहाल, अब जब रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अल-नस्र से अनुबंध कर लिया है तो उनका पुराना क्लब बीते दिनों की बात हो गया है।

इन हालात में इस सैंतीस वर्षीय फुटबॉलर के साथ महंगे अनुबंध के कारणों पर भी खूब चर्चा हो रही है। इस अनुबंध की मूल वजह यह भी बतायी जा रही है कि अरब देश अब पश्चिम का पिछलग्गू बनने की छवि से मुक्त होकर खेलों की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। कतर में हुए फीफा विश्व कप जैसे महंगे आयोजन के पीछे भी यही सोच रही है। पैट्रो दौलत से मालामाल मध्य एशिया के देश चाहते हैं कि वे भी वैश्विक ताकत के रूप में उभरें। इस करार के पीछे भी सऊदी अरब की यही सोच है। इसे सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की नई रणनीति का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसमें वे अपने देश को धार्मिक छवि से मुक्त कर आधुनिक देश के रूप में स्थापित करना चाह रहे हैं। वहीं विश्व कप विजेता अर्जेंटीना को टूर्नामेंट के पहले मैच में हराने वाली सऊदी अरब टीम की भविष्य की संभावनाओं को उद्दीप्त करने में भी इस डील को देखा जा रहा है। दरअसल, इस जीत के बाद पूरा सऊदी अरब जश्न में डूब गया था, जिसके लिये बाकायदा राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया था। वहीं इस जीत को इस्लामिक देशों की जीत के रूप में चित्रित किया जाने लगा था। बहुत संभव है इस खुमार को गति देने के लिये क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ यह महंगी डील हुई हो। कुछ लोग मानते हैं कि सऊदी प्रिंस अपने देश की छवि बदलने के लिये जिस लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं उस रणनीति के हिस्से में खेलों को प्राथमिकता दी जा रही है। कहीं न कहीं दुनिया के साथ कदम-ताल करते हुए खेलों में वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। आकलन किया जा रहा है कि सऊदी अरब 2030 तक कुछ पड़ोसियों के साथ मिलकर फीफा विश्वकप के आयोजन की दावेदारी कर सकता है। दरअसल, सऊदी अरब की सोच है कि इस तरह महंगे खिलाड़ियों के साथ अनुबंध से देश में खेल संस्कृति का विकास होगा। साथ ही उसकी छवि एक सभ्य-प्रगतिशील सोच वाले देश के रूप में स्थापित हो सकेगी। इस छवि बनाने में रोनाल्डो जैसे खिलाड़ियों की छवि काम आयेगी क्योंकि इस तरह के बड़े अनुबंध से देश पूरी दुनिया की खबरों में तो बना रहता ही है। वैसे तो सऊदी अरब ने हाल के वर्षों में कई अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं का आयोजन करके देश की छवि बदलने की कोशिश की है।

हालांकि, रोनाल्डो के अल-नस्र के लिये मैदान में उतरने में कुछ वक्त लग सकेगा। उनके प्रशंसक अभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन रोनाल्डो पर इंग्लिश फुटबॉल एसोसिएशन ने दो मैच खेलने पर प्रतिबंध लगा रखा है। यही वजह है कि उनके नाम पर होने वाले मैच की टिकटें बिकने के बाद भी वे मैदान में नहीं उतर सके। दरअसल, उन पर आरोप है कि उन्होंने मैच हारने के बाद लौटते समय शारीरिक रूप से अस्वस्थ एक दर्शक से अभद्रता की थी। हालांकि, उन्होंने इसके लिये माफी मांगी थी। लेकिन ऑटिस्टिक से पीड़ित किशोर ने उसका मोबाइल गिराने की घटना के लिये उन्हें माफ नहीं किया।

# सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए रोज खाएं सेब



सेब हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। स्वस्थ रहने के लिए डॉक्टर रोज एक सेब खाने की सलाह देते हैं। सेब में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सेब में पेक्टिन नामक डायट्री फाइबर होता है, जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। रोजाना एक सेब खाने से कई स्वास्थ्य समस्याओं में लाभ होता है। सर्दियों में सेब का सेवन जरूर करना चाहिए। सर्दियों में सेब खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और बीमारियों से बचाव होता है। अगर आप सर्दियों में नियमित रूप से सेब खाते हैं, तो इससे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। यह पाचन शक्ति को मजबूत बनाने के साथ ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी मदद करता है। सेब में कुछ ऐसे भी तत्व पाए जाते हैं जो शरीर में नई कोशिकाओं के निर्माण को प्रोत्साहित करते हैं। सेब में पेक्टिन जैसे फायदेमंद फाइबर्स पाए जाते हैं। हर रोज एक सेब खाने से कैंसर, हाइपरटेंशन, मधुमेह और दिल से जुड़ी बीमारियों के होने के खतरे को कम किया जा सकता है। सेब में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। सेब में पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और आयरन प्रचुर मात्रा में होते हैं। आयरन से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी नहीं होती। इतना ही नहीं आयुर्वेद के अनुसार, सेब त्वचा रोग, जलन, दिल का दौरा, बुखार, कब्ज की परेशानी में लाभ पहुंचाता है।

## वजन घटाने में मददगार

सर्दियों में अधिकतर लोगों का वजन बढ़ जाता है। अगर आप वजन कंट्रोल करना चाहते हैं, तो रोजाना सेब का सेवन करें। दरअसल, सेब में कैलोरी की मात्रा कम होती है और इसमें फाइबर की अधिक मात्रा होती है। सेब खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे भूख कम लगती है। ऐसे में आप ओवरईटिंग करने से बचते हैं, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। सेब में एंटी-ऑक्सीडेंट, फाइबर, विटामिन-सी और विटामिन-बी पाया जाता है जो आंखों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।

## ब्लड प्रेशर को करता है कंट्रोल

सेब हमारे दिल के स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। रोजाना एक सेब खाने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। सर्दियों में हाई बीपी की समस्या को नियंत्रित करने के लिए आपको सेब जरूर खाना चाहिए। दरअसल, सेब में फाइबर, विटामिन सी और पोटैशियम होता है। ये तत्व ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से सेब का सेवन करने से दिल की बीमारियों का जोखिम कम होता है। इसके अलावा, सेब खाने से कोलेस्ट्रॉल लेवल भी कम होता है।



## आप की इम्यूनिटी होती है मजबूत

सर्दियों में शरीर की इम्यूनिटी काफी कमजोर हो जाती है। इससे मौसमी बीमारियों और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। रोज एक सेब खाकर आप अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बना सकते हैं। सेब में प्रोटीन, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं। अगर आप सर्दियों में बीमारियों से बचना चाहते हैं, तो सेब को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

## अल्जाइमर


ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस के कारण अल्जाइमर जैसे न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग हो सकते हैं। वहीं, अब तक आपको सेब की जानकारी से यह तो समझ आ ही गया होगा कि यह एंटी-ऑक्सीडेंट गुण से भरपूर होता है। ऐसे में एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर फलों का सेवन आपको इन रोगों से बचाने में सहायक साबित हो सकता है। सेब का जूस ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस को कम करता है और आपको अल्जाइमर से बचा सकता है।

## कोलेस्ट्रोल

सेब के सेवन से आपको कोलेस्ट्रोल कम करने में मदद मिल सकती है। इसके कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाले प्रभाव बुरे कोलेस्ट्रोल को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रोल को बढ़ाते हैं। इसके साथ ही यह आपको बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल स्तर की वजह से होने वाले हृदय रोग से भी बचाता है।



## हंसना मना है



आज कुछ घबराये से लगते हो, ठंड में कपकपाये से लगते हो, निखर कर आई है सुरत आपकी, बहुत दिनों बाद नहाये से लगते हो।

पति अपनी नाराज पत्नी को रोज फोन करता है.. सासूजी: कितनी बार कहा की वो अब तुम्हारे घर नहीं आएगी, फिर क्यों रोज रोज फोन करते हो? जमाई: सुन कर अच्छा लगता है इसीलिए।

पापा: बेटा तुम पास हो या ना हो मैं तुम्हें बाइक जरूर दिला दूंगा.. पप्पू: थैंक्यू पापा जी, पापा: अगर पास हुये तो 'हीरो होन्डा' कॉलेज जाने के लिये, अगर फेल हुये तो 'राजदूत' दूध बेचने के लिये।

मैंने दरवाजा खोला तो, उसकी आंखों में आंसू, चेहरे पर हंसी थी, सांसों में आहे, दिल में बेबसी थी, पगली ने पहले नहीं बताया की, दरवाजे मे उसकी ऊंगली फंसी थी।

सरदार लड़की वालों के यहां रिश्ता लेकर पहुंचा, मां-बाप बोले- हमारी बेटी अभी पढ़ रही है, सरदार बोला: कोई बात नहीं जी, हम एक-दो घंटे बाद आ जायेंगे।

पप्पू: मेरे बाप के आगे बडे बड़े लोग कटोरी लेके खड़े होते है, लड़की: अच्छा! कौन है तुम्हारा बाप? पप्पू: पानी पूरीवाला।

## कहानी | बिल्ली और चूहा

एक बिल्ली बहुत ही चालाक और चौकस थी और उसकी इसी चालाकी और चौकसी को देखकर चूहे भी सावधान हो गये थे और अब चूहे बिल्ली के हाथ नहीं आ रहे थे। जिससे बिल्ली भूख के मारे तड़पने लगी। एक भी चूहा उसके हाथ नहीं आता था, भूख से बचने के लिए बिल्ली योजना बनाने लगी। तभी उसके दिमाग में कुछ आया और वो एक टेबल पर उल्टी लेट गई। उसने सभी चूहों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि वो मर चुकी है। सारे चूहे बिल्ली को ऐसे लेटा हुआ अपने बिल से ही देख रहे थे। उन्हें पता था कि बिल्ली बहुत चालाक है, इसलिए उनमें से कोई भी चूहा अपने बिल से बाहर नहीं आया। लेकिन, बिल्ली भी बहुत देर तक उसी टेबल पर उल्टी लेटी रही। धीरे-धीरे चूहों को लगने लगा कि बिल्ली मर चुकी है। वो जश्न मनाते हुए अपने बिल से निकलने लगे। चूहे जैसे ही बिल्ली की टेबल के पास पहुंचे, उसने दो चूहे पकड़ लिए। बिल्ली ने इस बार तो अपने पेट को भर लिया, लेकिन चूहे अब और भी ज़्यादा सतर्क हो गए। क्योंकि चूहे अब बिल्कुल भी लापरवाही नहीं बरतना चाहती थे। इस बार पेट भरने के लिए एक बार फिर बिल्ली को योजना बनानी थी। इस बार बिल्ली ने अब खुद को पूरे आटे से ढक लिया। चूहों ने सोचा कि वह आटा है और उसे खाने के लिए आ गए। लेकिन एक बूढ़े चूहे ने उन्हें रोक दिया। उसने ध्यान से आटा देखा, तो उसे उसमें बिल्ली का आकार दिखने लगा। तभी बूढ़े चूहे ने कहा सब अपने बिल में चले जाओ। यहां आटे में बिल्ली छुपी है। यह सुनकर सारे चूहे अपने बिल में चले गए। जब बहुत देर तक एक भी चूहा नहीं आया तो बिल्ली थकने की वजह से उठ गई। इस तरह बूढ़े चूहे ने सारे चूहों की जान बचा ली।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और प्रगति निश्चित है। तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। आपके ईमानदार और जिंदादिल प्यार में जादू करने की ताकत है।

**वृषभ**



भागमभाग भरे दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। आर्थिक जीवन में आज खुशहाली रहेगी। इसके साथ ही आप कर्जों से भी आज मुक्त हो सकते हैं।

**मिथुन**



अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। प्यार-मोहब्बत के लिहाज से दिन थोड़ा मुश्किल रहेगा।

**कर्क**



दौड़-भाग भरा दिन आपको तुनकमिजाज बना सकता है। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले वक्त में आप फिर पा सकें।

**सिंह**



आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है क्योंकि आपके द्वारा दिया गया धन आज आपको वापस मिल सकता है। अपना अतिरिक्त समय नि:स्वार्थ सेवा में लगाएं।

**कन्या**



आज किसी पार्टी में आपकी मुलाकात किसी ऐसे शख्स से हो सकती है जो आर्थिक पक्ष को मजबूत करने के लिए आपको अहम सलाह दे सकता है।

**तुला**



आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तैल से मालिश करें। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे।

**वृश्चिक**



बेकार का तनाव और चिंताएं जिंदगी का रस निचोड़कर आपको पूरी तरह चूस सकती हैं। भलाई इसी में है कि इन आदतों को छोड़ दें, नहीं तो परेशानियों में बढ़ोतरी ही होगी।

**धनु**



नफरत की भावना महंगी पड़ सकती है। यह न केवल सहन-शक्ति घटाती है, बल्कि विवेक को भी ज़ंग लगा देती है और रिश्तों में हमेशा के लिए दरार डाल देती है।

**मकर**



अपनी नकारात्मक भावनाओं और वृत्तियों पर लगाम लगाकर रखें। आपकी रुढ़िवादी सोच/ पुराने खयाल आपकी प्रगति में रोड़ा बन सकते हैं, उसकी दिशा बदल सकते हैं।

**कुम्भ**



आउटडोर खेल आपको आकर्षित करेंगे। आज के दिन घर के किसी इलेक्ट्रोनिक सामान के खराब हो जाने की वजह से आपका धन खर्च हो सकता है।

**मीन**



आज जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है जिससे जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाएंगी।

बॉलीवुड | मन की बात

# बदनामी मेरे कंधे पर लदी रहती है : पवन



पवन सिंह भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार्स हैं। पवन सिंह को इंडस्ट्री में कॉन्ट्रोवर्सी किंग के नाम से भी जाना जाता है। फिल्म और गानों से ज्यादा पवन सिंह अपने विवाद को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। हाल ही में भोजपुरी एक्ट्रेस ने पवन सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे। एक्ट्रेस ने पवन सिंह पर कॉम्प्रोमाइज करने का आरोप लगाया था। इसी बीच एक इंटरव्यू में पवन सिंह ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। पवन सिंह ने एक इंटरव्यू में अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात करते हुए कहा कि-मेरा मानना है कि काम कीजिए, लेकिन ऐसा काम करें जिसकी चर्चा हो, हमारे ऑडियंस जो भगवान हैं उनका प्यार मिलता रहना चाहिए। इसके बाद पवन सिंह ने खुद की तुलना चटनी से करते हुए कहते हैं कि चटनी को अगर आप चाटकर खाएंगे तो मजा ही आता है। अगर आप चटनी को दाल-चावल के साथ खाएंगे तो मजा किरकिरा हो जाएगा। पवन सिंह आगे कहते है कि मेरे मुंह से कभी भी नहीं निकलता है कि लड़कियां कितनी गिर गई है। मैं हमेशा उन्हें माता-बहन की कहता हूं और कहूंगा। इंटरव्यू में जब पवन सिंह से सवाल किया कि आपको लेकर आखिर इतनी कंट्रोवर्सी क्यों होती है। इस सवाल के जवाब में पवन सिंह करते है कि मैं अपना काम खत्म करके अपने घर पर आ जाता हूं। काम शुरू होने से पहले जिम जाता हूं। फिर सेट पर जाता हूं। मैं चाहता हूं कि बदनामी थोड़ा हटे, लेकिन मेरा भाग्य ही कह लीजिए कि वो मेरे कंधे पर लदे रहता है। हाल ही में यामिनी सिंह ने पवन सिंह पर कॉम्प्रोमाइज का आरोप लगाया था। वहीं पवन सिंह की बात करें तो उनका गाना पांचे के नाचे अइहा रिलीज हुआ था। उनके सॉन्ग को काफी पसंद किया गया था।

## जिंदगी का अहम पाठ पढ़ाने निकल पड़ी हैं रकुल प्रीत सिंह



बॉलीवुड | मसाला

रकुल प्रीत सिंह ने जबसे बॉलीवुड में कदम रखा है, तभी से वह दर्शकों के सामने कई गंभीर मुद्दों को दर्शकों के सामने उजागर करती दिख रही है। ऐसे में उनकी हर फिल्म के लिए दुनियाभर के लोग उत्साहित होने लगे हैं। इसी बीच पिछले कुछ समय से रकुल अपनी अगली फिल्म छतरीवाली को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अब आखिरकार इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें रकुल सेक्स एजुकेशन जैसे मुद्दे पर खुलकर बात करती हुई नजर आ रही हैं। इस बात में कोई दो राहें नहीं है कि आज भी भारत के कई हिस्सों में लोग सेक्स एजुकेशन पर बात करने से कतराते हैं। यहां तक स्कूल की किताबों में इससे जुड़े चैप्टर होने के बावजूद इन पर खुलकर बच्चों को शिक्षा नहीं दी जाती। इसी विषय को उठाकर अब रकुल हर किसी को जिंदगी का एक अहम पाठ पढ़ाने के लिए निकल पड़ी हैं। ट्रेलर में भी दिखाया गया है कि एक स्कूल का टीचर सेक्स एजुकेशन पर क्लास देते हुए बच्चों के सवालों का जवाब देने में असहज हो रहे हैं। ट्रेलर में एक टीचर क्लास में बच्चों को पढ़ा रहे हैं। इसी दौरान एक बच्चा उनसे पूछता है, कॉप्युलेशन क्या होता है। झिझकते हुए टीचर इसके जवाब में कहते हैं कि एक बर्ड का दूसरे बर्ड पर बैठना। तभी दूसरे सीन में रकुल की एंट्री होती है, जो हर बात सीधी बोलती है। इसके बाद अगले सीन में दिखाया गया है कि जब उनका बॉयफ्रेंड नजदीक आता है तो वह कंडोम का इस्तेमाल ही नहीं करना चाहता। वहीं, उनकी भाभी की हालत 3 मिसकैरेज की वजह से बेहद खराब हो चुकी है। दूसरी ओर उनके परिवार की एक बच्ची सेक्स एजुकेशन की पढ़ाई करते हुए सिर्फ महिलाओं से जुड़ी बातें ही जानना चाहती है। सभी चीजों को मिलाकर रकुल को इतनी बात को समझ आ गई है कि समाज में सेक्स एजुकेशन के नाम पर न तो लोगों में कोई जानकारी है और ही वह कुछ जानना चाहता है।

**छतरीवाली का ट्रेलर रिलीज**

## ओटीटी पर हुनर दिखाना चाहते हैं तिवारी जी



भाभी जी घर पर हैं पिछले करीब 7 सालों से दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है। इस शो के साथ-साथ इसके किरदारों ने भी घर-घर में अपनी एक खास पहचान हासिल कर ली है। शो में नजर आने वाले हर किरदार को दर्शकों का खूब प्यार मिला है। इन्हीं में से एक नाम रोहिताश गौड़ का भी है, जो शुरुआत से ही इस शो के साथ जुड़े हुए हैं। उन्हें इसमें तिवारी जी का रोल निभाते हुए देखा जा रहा है। उन्होंने अपनी जबरदस्त अदाकारी से सभी का दिल जीता है।

रोहिताश गौड़ के मजाकिया अंदाज को खूब प्यार मिला है। उनकी कॉमिक टाइम का वाकई कोई जवाब नहीं। रोहिताश ने अपने अब तक के करियर में साबित कर दिया है कि वह किसी भी तरह के किरदार को बखूबी पर्दे पर निभा सकते हैं। शायद यही कारण है कि अब रोहिताश ने अपने करियर को लेकर एक बड़ा फैसला ले लिया है, जिसका खुलासा कर एक्टर ने अपने सभी फैंस और हर शख्स को चौंका दिया है। रोहिताश का कहना है कि वह टीवी इंडस्ट्री छोड़ना चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में रोहिताश ने लखनऊ की एक यूनिवर्सिटी में स्पीच देते हुए कहा है कि भाभी जी घर पर हैं बंद हो जाने के बाद वह दोबारा कभी टीवी में काम नहीं करेंगे।

दरअसल, एक्टर का कहना है कि वह अब ओटीटी में काम करना चाहते हैं। रोहिताश अब मैच्योर रोल्स पर्दे पर उतारना चाहता हैं। एक्टर ने कहा, हो सकता है भाभी जी घर पर हैं बंद होने के बाद वह टीवी में काम ही ना करूं। रोहिताश ने आगे कहा, मैं मैच्योर रोल्स करना चाहता हूं। जैसे आजकर ओटीटी पर निभाए जा रहे हैं। जिस दिन भाभी जी घर पर हैं शो बंद होता है, मैं टीवी पर काम भी करना छोड़ दूंगा। मुझे लगता है मैंने टीवी पर बहुत काम कर लिया। मैं सिर्फ डेली सोप के लिए नहीं बना हूं। मैं दूसरी चीजें भी करना चाहता हूं, जो टीवी पर पॉसिबल नहीं है। अब रोहिताश का ये बयान सामने आने के बाद फैंस उन्हें नए अंदाज में पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हो गए हैं।

अजब-गजब | जीवित रहते ही करना होता है अपना पिंडदान

# महिला नागा साधु की दुनिया है रहस्यमयी




उत्तर प्रदेश के संगम नगरी प्रयागराज में हर साल माघ मेला का आयोजन होता है। माघ पूर्णिमा के स्नान के साथ माघ मेले की शुरुआत हो चुकी है जिसका समापन महाशिवरात्रि के दिन होगा। डेढ़ माह तक चलने वाले माघ मेले में गंगा-यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए लोगों की भीड़ जुटती है। माघ मेले के दौरान न सिर्फ श्रद्धालु बल्कि बड़ी संख्या में साधु-महात्मा संगम में स्नान करने के लिए मीलों दूर से आते हैं।

संगम में स्नान करने के लिए आने वाले नागा साधु सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र होते हैं। नागा साधुओं के बारे में कम जानकारी होने की वजह से इनके विषय में जानने की लोगों में अधिक उत्सुकता होती है। पुरुषों की तरह ही महिला नागा साधु भी होती हैं। महिला नागा साधु भी अपने जीवन को पूरी तरह से ईश्वर को समर्पित कर देती हैं। नागा साधुओं की रहस्यमयी दुनिया के बारे में सभी लोगों ने जरूर सुना होगा। लेकिन महिला नागा साधु का जीवन सबसे निराला और अलग होता है। गृहस्थ जीवन से दूर हो चुकीं महिला नाग साधु की दिन की शुरुआत और अंत दोनों पूजा-पाठ के साथ ही होती है। नागा साधु को दुनिया से कोई मतलब नहीं होता है और इनकी हर बात निराली होती है। महिला नागा साधु बनने के बाद सभी साधु और साध्वियां उन्हें माता कहकर पुकारती हैं। माई बाड़ा में महिला नागा साधु होती हैं जिसे अब विस्तृत रूप देने के बाद दशनाम संन्यासिनी अखाड़ा का नाम दिया गया है। साधु संतों में नागा एक पदवी होती है। साधुओं में वैष्णव, शैव और उदासीन सम्प्रदाय हैं। इन तीनों सम्प्रदायों के अखाड़े नागा साधु बनाते हैं। पुरुष नागा साधु नग्न रह सकते हैं, लेकिन महिला नागा साधु को इसकी इजाजत नहीं होती है। पुरुष नागा साधुओं में वस्त्रधारी व दिगंबर (निर्वस्त्र) होते हैं। महिलाओं को भी दीक्षा दी जाती है और नागा बनाया जाता है, लेकिन वह सभी वस्त्रधारी होती हैं।

महिला नागा साधु को अपने मस्तक पर तिलक लगाना जरूरी होता है। लेकिन वह गेरुए रंग का सिर्फ एक कपड़ा पहन सकती हैं जो सिला हुआ नहीं होता है। इस वस्त्र को गंती कहा जाता है। महिला नागा साधुओं के बनने की प्रक्रिया के बारे में जानने के बाद आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे। महिला नागा साधुओं की जिंदगी बेहद कठिन होती है। नागा साधु बनने के लिए इनको कड़ी परीक्षा से गुजरना होता है। नागा साधु या संन्यासनी बनने के लिए 10 से 15 साल तक कठिन ब्रम्हचर्य का पालन करना जरूरी होता है। नागा साधु बनने लिए अपने गुरु को यकीन दिलाना होता है कि वह इसके लायक हैं और अब ईश्वर के प्रति समर्पित हो चुकी हैं। इसके बाद गुरु नागा साधु बनने की इजाजत देते हैं।

नागा साधु बनने से पहले महिला की बीते जीवन के बारे में जाना जाता है। यह देखा जाता है कि वह ईश्वर के प्रति है या नहीं। नागा साधु बनने के बाद कठिन साधना कर सकती है या नहीं। नागा साधु बनने से पहले महिला को जीवित रहते अपना पिंडदान करना होता है और मुंडन कराना पड़ता है। इसके बाद महिला को नदी में स्नान कराया जाता है।

# बेटी की शादी में दामाद को दहेज के रूप में देते हैं जहरीला सांप



पूरी दुनिया में शादी को लेकर अलग-अलग रस्में निभाई जाती है। हमारे देश में बेटी की शादी के वक्त पिता दामाद को दहेज के रूप में रुपये-पैसे से लेकर सोने-चांदी के गहने, गाड़ी और न जाने क्या क्या देते हैं। हालांकि हमारे देश में दहेज लेना और देना दोनों को ही कानूनन जुर्म माना गया है। बावजूद इसके आज भी हर समाज में बेटियों की शादी में पिता को एक बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे समाज के बारे में बताने जा रहे हैं जहां दहेज के रूप में दामाद को रुपये-पैसे या जेवर नहीं दिया जाता। बल्कि एक ऐसी चीज दी जाती है जिसे अगर आपको दिया जाए तो यकीनन आपकी चीख निकल जाएगी और आपको दिल का दौरा पड़ जाएगा। दरअसल, मध्य प्रदेश के गौरया समुदाय के लोग बेटियों की शादी में दामाद को दहेज के रूप में सांप देते हैं। यही नहीं इन सांपों की संख्या एक दो नहीं होती बल्कि पूरे 21 सांप दिए जाते हैं। इस समुदाय के लोगों का मानना है कि अगर बेटी को दहेज में 21 खतरनाक सांप नहीं दिए गए तो बेटी की शादी टूट जाएगी या कोई अपशकुन हो जाएगा। इस समुदाय के लोग बेटी की शादी को सफल और वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाने के लिए सांपों को बतौर दहेज देते हैं। इस समुदाय में ये परंपरा सैकड़ों साल पुरानी है। बता दें कि गौरया समाज के लोग दहेज में गहुआ और डोमी प्रजाति के सांप देते है जो बेहद जहरीले होते है। जिनके एक बार काटने भर से इंसान की मौत हो सकती है। सांप देने के पीछे एक और मुख्य कारण है माना जाता है। क्योंकि गौरैया समाज के लोग पेशे से सांप पकड़ने का काम करते है जिन्हें सब लोग सपेरा कहते हैं। दहेज में दिये जाने वाले ये 21 सांप ही उनकी आजीविका का साधन हैं। क्योंकि सांपों का खेल दिखा कर ये लोग पैसे कमाते हैं। साथ ही सांप के जहर को बेचकर भी ये लोग पैसे कमाते हैं। शादी में दहेज के लिए दिए जाने वाले सांप लड़की का पिता ही पकड़ता है। ऐसा माना जाता है कि बेटी की शादी तय होने के बाद बेटी का पिता सांप पकड़ने का काम शुरू कर देता है, जिन्हें बेटी की शादी के दिन दहेज में दिया जाता है। साथ ही यह भी माना जाता है कि लड़की का पिता अगर तय समय पर सांप ना पकड़ पाए तो रिश्ता टूट जाता है।

# ठंड और कोहरे से उत्तर भारत में छूट रही कंपकंपी

## » दिल्ली-यूपी, पंजाब-हरियाणा में ठंड और कोहरे ने लोगों को घरों में कर दिया कैद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत को ठंड और कोहरे का डबल अटैक झेलना पड़ रहा है। सोमवार तड़के से ही कोहरा छाया है और शीतलहर चल रही है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक कई राज्यों को इससे राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट और राजस्थान, बिहार में आरेंज अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में घना से बहुत घना कोहरा छाने का अनुमान है।

दिल्ली, पंजाब, यूपी, हरियाणा, बिहार समेत कई राज्यों में आज कोहरे के चलते विजिबिलिटी न के बराबर रही। दिल्ली और यूपी में तो कोहरे के चलते ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की गई है। दिल्ली में आज घना कोहरा छाने के चलते विजिबिलिटी 50 मीटर की है। खराब दृश्यता के चलते दिल्ली में ट्रैफिक रेंगता दिखाई दिया। कम विजिबिलिटी के चलते ट्रैफिक विभाग ने भी गाड़ियों की रफ्तार कम रखने की हिदायत दी। दिल्ली में तो ठंड और कोहरे के कारण निजी स्कूलों 15 जनवरी तक बंद करने के भी निर्देश दे दिए गए हैं। दिल्ली-पानीपत और फरीदाबाद के नेशनल हाइवे पर लोग लाइट जलाकर वाहन चलाते दिखे। वहीं विजिबिलिटी कम होने के चलते यूपी के कई हाइवे पर भी गाड़ियों की रफ्तार धीमी दिखी। लोगों को वाहन की स्पीड भी कम रखने की हिदायत दी गई है। दिल्ली में पारा 1.9 तो पंजाब में 3.3 रहा दिल्ली में शीतलहर के चलते आज सुबह सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 1.9 रहा। वहीं पंजाब के कई जिलों में पारा काफी नीचे गिरा, रूपनगर में अधिकतम तापमान 12.1 और न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि अमृतसर में न्यूनतम 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फरीदकोट में तो ठंड के कारण एक व्यक्ति की मौत भी हो गई।




दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भीषण कोहरा छाया है। देश की राजधानी दिल्ली में आज सुबह घना कोहरा छाया है। कोहरे की वजह से विजिबिलिटी काफी कम है। कोहरे की वजह से फ्लाइट्स लेट हो रही हैं। इसके साथ ही कोहरे के कारण उत्तर रेलवे क्षेत्र में 29 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। सोमवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। शीतलहर भी लोगों पर जमकर कहर बरपा रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों तक शीतलहर से राहत नहीं मिलने वाली है।

### विमान सेवा व ट्रेनें भी प्रभावित

## बठिंडा में दृश्यता जीरो मीटर बालसमंद का पारा 0.4 डिग्री पहुंचा



चंडीगढ़ (4पीएम न्यूज़ नेटवर्क)। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में कड़ाके की ठंड जारी है। हरियाणा के तीन जिलों हिसार, महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम में तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। एक डिग्री से भी नीचे 0.4 डिग्री के साथ बालसमंद हरियाणा में सबसे ठंडा रहा। वहीं पंजाब के 21 जिलों में न्यूनतम तापमान सात डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान में न तो कोई बढ़ोतरी हुई और न ही गिरावट आई। दोनों राज्यों समेत उत्तर भारत में घना कोहरा छाया हुआ है। बठिंडा में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। पंजाब में आज भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। सोमवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। बठिंडा शहर के कुछ हिस्सों में कोहरे की मोटी परत छाई हुई है, जिससे दृश्यता कम हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार रात साढ़े 11 बजे बठिंडा में दृश्यता जीरो मीटर दर्ज की गई।

## अभी और गिरेगा पारा, छाया रहेगा घना कोहरा

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में खास बदलाव के आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। मध्य भारत में अगले एक दो दिनों में पारा दो से तीन डिग्री तक गिर सकता है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, चंडीगढ़, पंजाब व हरियाणा में कोहरा और बढ़ने की संभावना जताई गई है। यही हाल हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल में रहने वाला है।

# अलका के बयान से गरमाई राजस्थान भाजपा में सियासत

## » केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत के लिए कही प्रदेश का नेतृत्व करने की बात

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

टोंक। राजस्थान बीजेपी में सीएम फेस को लेकर चल रही गुटबाजी के बीच पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर ने टोंक के निवाई में रविवार को जन आक्रोश यात्रा के समापन समारोह के दौरान मंच से बड़ा बयान देकर सियासी गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। अलका गुर्जर ने मंच से केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से निवेदन करते हुए कहा कि अब वे ही राजस्थान का नेतृत्व करें और इस जनविरोधी सरकार का अंत करें।

अलका गुर्जर ने कहा कि क्योंकि सिंह ने जोधपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी हराया है। वे इस काम में वे माहिर हैं। अलका गुर्जर के इस बयान के बाद एक बार फिर बीजेपी की तरफ से राजस्थान का अगला सीएम फेस कौन होगा इस पर चर्चा गरमा गई है। समारोह के समापन के बाद मीडिया ने केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने हर जिम्मेदार को स्वीकारते हुए कहा कि पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसका पालन करेंगे।



### गहलोत ने जनता का पैसा कुर्सी बचाने में लगा दिया

जनाक्रोश यात्रा के दौरान गजेन्द्र सिंह शेखावत और अलका गुर्जर ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। अलका गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पूरे 5 साल अपने कुर्सी बचाने के खेल में बिता दिए। जनता का जो टैक्स विकास में खर्च होना था गहलोत ने अपनी कुर्सी बचाने में लगा दिए आज युवा, महिला और जनता का हर वर्ग सरकार से आक्रोशित है। बीजेपी इसी आवाज को जनाक्रोश यात्रा के रूप में जनता के बीच में लेकर जा रही है।

# नागा और दिगंबर साधु भी बिना कपड़ों के रहते हैं: बघेल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रायपुर। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की टी-शर्ट को लेकर काफी चर्चाएं हो रही हैं। कंपकंपाती ठंड में भी राहुल टी-शर्ट पर ही पैदल यात्रा कर रहे हैं, जिसे लेकर लोग कयास लगा रहे है कि क्या उन्हें ठंड नहीं लगती है। अब इस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान सामने आया है।

भूपेश बघेल ने कहा कि ऐसा देश में पहली बार नहीं हो रहा है। नागा साधु, दिगंबर जैन मुनि समेत कई लोग बिना कपड़ों के रहते हैं। राहुल जो मुद्दे उठा रहे हैं, उन पर रिसर्च होनी चाहिए। बता दें, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी की टी-शर्ट पर यूपी सरकार रिसर्च कर रही है। अमित शाह पर निशाना साधते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) लोकसभा चुनाव के लिए (राज्य में) आ रहे हैं न कि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए। भाजपा अपने दो पसंदीदा विषयों को आगे बढ़ा रही है, जो धर्मांतरण और ध्रुवीकरण हैं।

# कन्नौज में एक्सप्रेस-वे से नीचे गिरी बस, 3 यात्रियों की मौत, 18 घायल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां पर एक बस हादसे का शिकार हो गई है। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि 18 यात्री घायल हैं। घायलों में 5 लोगों की हालत गंभीर है। रविवार रात की यह घटना है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव किया। फिलहाल, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली से लखनऊ की तरफ एक प्राइवेट स्लीपर बस जा रही थी। इस बीच ठठिया थाना क्षेत्र में पिपरौली गाँव के पास बस हादसे का शिकार हो गई। बस में कुल 40 लोग सवार थे।

बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के चलते बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस वे से नीच गिर गई। घटना के बाद मौके पर अफरतफरी मच गई। बस में लगभग 40 सवारियां थी और सूचना पर पुलिस की टीम ने बचाव-राहत का काम किया। रविवार रात करीब 11 बजे धुंध और कोहरे की वजह से बांसुरिया गांव के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमल भाटी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। अभी मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। घायलों का उपचार जारी है।

### सीएम ने हादसे पर जताया दुख

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद कन्नौज में हुए हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनो के प्रति संवेदना व्यक्त की और जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

# बाराबंकी में साइको किलर का आतंक, तीन महिलाओं की कर चुका है हत्या

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में घूम रहे एक साइको किलर की पुलिस को तलाश है। यह साइको किलर बुजुर्ग महिलाओं को टारगेट कर उनकी हत्या कर रहा है। सीरियल किलर की तलाश में बाराबंकी पुलिस की 6 टीमें लगी हुई है।

वहीं पुलिस ने आरोपी की फोटो वायरल कर लोगों से उसे पकड़वाने की अपील की है। साइको किलर अब तक तीन हत्याएं कर चुका है। किलर को पकड़ने में नाकाम थाने के इंस्पेक्टर को एसपी ने लाइन हाजिर करते हुए दूसरे पुलिस अफसर को लगाया है। बता दें कि रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर वृद्ध महिलाओं के शव पाए जाने और हत्या का पैटर्न सेम होने के बाद बाराबंकी एसपी दिनेश सिंह ने रामसनेहीघाट कोतवाली के इंस्पेक्टर विनोद बाबू मिश्र को लाइन हाजिर कर इंस्पेक्टर लालचंद्र सरोज को जिम्मेदारी दी है।

# लोकसभा-विधानसभा चुनाव मिलकर लड़े महाविकास अघाड़ी: शरद पवार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोल्हापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने 2024 में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा और लोकसभा चुनाव में शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट और कांग्रेस को एमवीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की नसीहत दी है। उन्होंने दावा किया कि शिवसेना में विभाजन के बावजूद जमीनी तौर पर काम करने वाले कट्टर शिवसैनिकों में से अधिकांश उद्धव ठाकरे के साथ खड़े हैं।

पवार ने कहा कि विधायकों और सांसदों ने भले ही एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ गठबंधन कर लिया हो, लेकिन जब चुनाव होंगे तो उन्हें भी पता चल जाएगा कि लोगों की क्या राय है। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद, ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाता तोड़ लिया था और राज्य में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार बनाने के लिए एनसीपी और कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। पिछले साल जून में एकनाथ शिंदे ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ हो गए जिसके बाद महाराष्ट्र की ठाकरे सरकार गिर गई थी।

गठबंधन के मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में पवार ने कहा कि समझदारी इसी में है कि आने वाले लोकसभा और महाराष्ट्र पोल के लिए कांग्रेस, राकांपा और उद्धव ठाकरे को साथ काम करना चाहिए। साथ ही इसमें रिपब्लिकन पार्टी और कुछ समूहों को शामिल किया जाना चाहिए, लेकिन अभी हम इसपर चर्चा कर रहे हैं। हम कई मुद्दों पर मिलजुल कर निर्णय लेते हैं, इसलिए इसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। राकांपा प्रमुख ने पिछले साल भी कहा था कि एमवीए के सहयोगियों को मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए।





# मास्टरमाइंड के कोचिंग संस्थान पर चला बुलडोजर

## शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक के आरोपियों पर गहलोत सरकार ने की बड़ी कार्रवाई

» जेडीए की टीम ने गिराई बिल्डिंग, रेजिडेंशियल जमीन पर था अवैध कॉमर्शियल निर्माण

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जयपुर। जेडीए एनफोर्समेंट टीम सोमवार सुबह जयपुर के जोन-05 एरिया में गुर्जर की थड़ी, गोपालपुरा बायपास मुख्य रोड पर पहुंच गई। जहां शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक केस के मुख्य आरोपियों की ओर से चलाए जा रहे अधिगम कोचिंग इंस्टिट्यूट की बिल्डिंग पर बुलडोजर चलाया गया। नोटिसों का जवाब तय टाइम पीरियड तक भी नहीं मिलने पर लीगल प्रोसेस अपनाकर और और ऑथोराइज स्तर पर परमिशन लेकर अवैध कॉमर्शियल बिल्डिंग को ध्वस्त कर दिया गया।



1 पोकलेन, 3 जेसीबी मशीन, 12 लोखंडा मशीन, 3 ड्रिल, 2 कटर और मजदूरों की सहायता से बिल्डिंग गिराने की कार्रवाई की गई। मौके पर जीडीए के चीफ कंट्रोलर एनफोर्समेंट,सब-कंट्रोलर्स, जोन-5 के डिप्टी कमिश्नर, एनफोर्समेंट ऑफिसर एनफोर्समेंट टीम, इंजीनियरिंग टीम, मानसरोवर एसीपी और थानाधिकारी, 50 पुलिस वालों का दस्ता मौके पर पहुंचा।



### पेपर लीक के मुख्य आरोपी चला रहे थे कोचिंग

कोचिंग इंस्टिट्यूट अधिगम शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण के मुख्य आरोपियों की ओर से चलाए जाने की जानकारी मिलने पर जेडीए की ओर से 6 जनवरी 2023 को सुबह एनफोर्समेंट के चीफ कंट्रोलर और एडिशनल कमिश्नर पीआरएन के नेतृत्व में जेडीए दस्ते, जोन की रेवेन्यू और टेक्निकल टीमों ने मौका निरीक्षण-परीक्षण कर संबंधित बिल्डिंग मालिक अनिल अग्रवाल और भूपेंद्र सारण, सुरेश ढाका,धर्मेंद्र चौधरी सहित 4 कोचिंग संचालकों को जेडीए की धारा 32 और 72 के तहत नोटिस जारी किए थे। अवैध निर्माण और अतिक्रमणों को हटाने, अपना जवाब पेश करने के लिए 8 जनवरी 2023 को शाम 5 बजे तक का उन्हें समय दिया गया था। तय समय में जवाब नहीं आने पर सोमवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

### रेजिडेंशियल जमीन पर अवैध कॉमर्शियल निर्माण

इस बिल्डिंग में रेसिडेंशियल जमीन पर जीरो सेटबैक पर बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर बड़े रूप में बने अवैध कॉमर्शियल निर्माण, रोड सीमा पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण पर नियम के मुताबिक लीगल प्रोसेस पूरा कर और ऑथोराइज लेवल पर परमिशन लेकर टेक्निकल टीम की निशादेही पर एनफोर्समेंट टीम ने जेसीबी-पोकलेन मशीनों, लोखंडा और ड्रिल मशीनों से अधिगम कोचिंग इंस्टिट्यूट की बिल्डिंग को गिरा दिया। बड़ी तादाद में मजदूरों की सहायता से अवैध बिल्डिंग को ध्वस्त किया गया।

# पेशाब कांड : दो और क्रू मेंबर हो सकते हैं जांच में शामिल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। एयर इंडिया की फ्लाइट में एक महिला यात्री पर पेशाब करने के मामले को लेकर जांच जारी है। एयर इंडिया की जिस फ्लाइट में आरोपी शंकर मिश्रा सवार था, अब उस दल के दो और सदस्य सोमवार को जांच में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि मामले की जांच के दौरान पुलिस ने चालक दल के नौ सदस्यों को जांच में शामिल होने के लिए कहा था। अब तक उनमें से सात सदस्य जांच में शामिल हुए हैं।

बता दें कि अब तक सातों सदस्यों ने जांच के दौरान अपने बयान दर्ज कराए हैं। इसके अलावा दो और सदस्य आज जांच में शामिल हो सकते हैं। पुलिस सूत्र ने कहा इससे उन्हें मामले में घटनाओं के क्रम को समझने में मदद मिलेगी। इसके अलावा पुलिस उन तीन यात्रियों से भी संपर्क करने की कोशिश कर रही है, जिनके बारे में दावा किया गया था कि उन्होंने पूरी घटना देखी थी। इससे पहले शनिवार को पुलिस ने आरोपी शंकर मिश्रा को एयर इंडिया की फ्लाइट में अपनी सहयात्री पर पेशाब करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 510, 509, 294 और 354 के तहत शंकर मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके अलावा 23 विमान नियम अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी शंकर मिश्रा को बेंगलुरु के एक गेस्ट हाउस से गिरफ्तार किया गया था।



# लाठीचार्ज के खिलाफ महिलाओं के समर्थन में उतरीं कांग्रेस-भाकियू

» खड़ी फसल को बुलडोजर व ट्रैक्टरों से नष्ट किए

» भाकियू बोली-जमीन हमारी मां, हम नहीं छोड़ेंगे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मथुरा। वृंदावन में किसानों की उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण करने का मामला जोर पकड़ता जा रहा है। उधर महिलाओं व किसानों पर हुए लाठीचार्ज को कांग्रेस ने भी गंभीरता से लिया है। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने इस पूरे प्रकरण का संज्ञान लिया है। ज्ञात हो कि कालीदह क्षेत्र में किसान सत्याग्रह कर रहे हैं। वहीं रविवार को किसान नेताओं ने पहुंचकर किसानों को अपना समर्थन दिया। इसके साथ ही पुलिस द्वारा किसानों और महिलाओं पर किए गए लाठीचार्ज और खड़ी फसल को बुलडोजर व ट्रैक्टरों से नष्ट किए जाने की निंदा की। सत्याग्रह के बाद किसानों ने उजाड़ी गई फसल का मुआयना भी किया।

किसान नेता कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि वृंदावन के किसानों पर लाठीचार्ज करके भूमि कब्जाने वाले प्रशासन को तत्काल मुकदमे वापस लेने होंगे। साथ ही जमीन वापस करनी होगी। अन्यथा यह सत्याग्रह अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने इस पूरे प्रकरण का संज्ञान लिया है। इस मामले के उन्होंने साक्ष्य मांगें हैं, जो उन्हें उपलब्ध करा दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर ने कहा कि जमीन हमारी मां है और हम धरती मां को नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश सरकार को किसानों के साथ न्याय करना होगा। अन्यथा यह आंदोलन इतना बड़ा हो जाएगा, जिसकी कल्पना सरकार ने नहीं की होगी। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बिट्टू उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाटव, भारतीय किसान यूनियन के महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश राही, कांग्रेस नेता ठाकुर सोहन सिंह सिसौदिया, नागेंद्र, सुरेश तोमर, किशोर, कन्हैया सैनी, धर्मपाल सैनी, राहुल सैनी, रामजीलाल, देवकी नंदन, अमर सिंह मेंबर, बिरजो भैया निषाद, ठाकुर लक्ष्मण सिंह कुशवाहा आदि थे।

जमीन अधिग्रहण मामला : सत्याग्रह कर रहे हैं किसान



# डीसीएम की टक्कर से बस के परखच्चे उड़े, महिला समेत चार यात्रियों की मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

उन्नाव। यूपी के उन्नाव जिले में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर डीसीएम की नेपाल जा रही बस से भिड़ंत हो गई। एक्सप्रेस-वे पर औरास थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास चालक के नशे में होने से आलू लादकर लखनऊ जा रही डीसीएम तेज रफ्तार स्लीपर बस से टकरा गई। हादसे में बस सवार एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

बताया जा रहा है कि हादसा सुबह करीब तीन बजे हुआ। बस राजकोट से नेपाल जा रही थी। घटना के वक्त बस में 80 सवारियां थीं। घायलों में एक को उपचार के लिए लखनऊ व बाकी को उन्नाव रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर डीएम, एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने राहत व बचाव कार्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश। पुलिस मृतकों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

80 सवारियां थीं घटना के समय बस में



# चंदा कोचर और उनके पति को मुंबई हाईकोर्ट से राहत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट से चंदा कोचर और दीपक कोचर को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने सोमवार को राहत देते हुए आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके व्यवसायी पति दीपक कोचर को अंतरिम जमानत दे दी, जिन्हें वीडियोकॉन ऋण मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था और पिछले 15 दिनों से हिरासत में थे।

» वीडियोकॉन ऋण मामला रिहाई का दिया है आदेश



कोर्ट ने कहा, कि गिरफ्तारी कानून के मुताबिक नहीं है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने पूर्व सीईओ चंदा कोचर और दीपक कोचर को एक-एक लाख रुपए की नकद जमानत पर रिहा करने की अनुमति दी। सीबीआई ने रिहा करने का विरोध किया। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के चव्हाण की खंडपीठ ने फैसला सुनाया कि उनकी गिरफ्तारी सीआरपीसी की धारा 41ए का उल्लंघन करती है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।